सार-समाचार

दिव्यांग चिन्हीकरण शिविर 18 को

मसूदा, (निसं)। सोमवार 18 नवम्बर को सामाजिक एवं न्याय अधिवक्ता विभाग द्वारा मसूदा स्थित अंबेडकर छात्रावास परिसर में दिव्यांग चिन्हीकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के विशाल सिंह सोलंकी ने कहा कि राजस्थान सरकार की वित्तीय वर्ष 2014 बजट घोषणा की पालना में विशेष योगदानों को संबल प्रदान करने की दृष्टि से दिव्यांग जनों को राजस्थान सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने पर बीस हजार रुपए तक उपकरण उपलब्ध करवाया जाना प्रस्तावित है। इस के लिए 18 नवंबर को ब्यावर जिले के समस्त सभी ब्लॉकों पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है मसूदा ब्लॉक स्तर पर शिविर का आयोजन कर दिव्यांग जनों को अंग उपकरण उपलब्ध कराने हेतु आवेदन प्राप्त किया जाने तथा निदेशालय विशेष योगदान द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में भी आवेदन करवा कर लाभ दिलाए जाने हेतु नियम अनुसार शिविर का आयोजन किया जा रहा है अत: सभी दिव्यांगजन जिनको भी अंग उपकरण की आवश्यकता है अपना दिव्यांगता प्रमाण पत्र ,आधार कार्ड ,जन आधार कार्ड ,दिव्यांगता दर्शाती हुई दो फोटो एवं पेंशन पीपीओ की फोटोकॉपी लेकर अपने संबंधित ब्लॉक के निम्न स्थान पर प्रात: 10 बजे मसूदा स्थित राजकीय अंबेडकर छात्रावास पहुंचे।

विधायक भाकर का अभिनंदन

मेड़ता सिटी, (निसं)। लाडनूं विधायक पूर्व प्रदेशाध्यक्ष युवा कांग्रेस मुकेश भाकर शुक्रवार को मेड़ता दौरे पर थे। भाकर के मेड़ता पहुंचने पर मेड़ता विधानसभा क्षेत्र युवा कांग्रेस की और अभिनंदन किया गया। युवा कांग्रेस मेड़ता विधानसभा अध्यक्ष सुरेंद्र बापेडिया , पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष महेंद्र बापेडिया ने बताया कि की लाडनू विधायक मुकेश भाकर सामाजिक कार्यक्रम में शिरकत करने जयपुर मेड़ता सिटी आए जहाँ ब्लॉक कांग्रेस कार्यलय में विधायक भाकर का युवाओ ने भव्य अभिनंदन किया इस मौके पर विधायक भाकर ने युवाओ को आ ान करते हुवे कहा कि आप युवा है अपने जीवन का लक्ष्य अभी से निर्धारित कर सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़े। आज प्रदेश में भाजपा की सरकार बने हुवे 1वर्ष होने जा रहा है अब तक कोई ऐसा काम नही हुआ जिससे प्रदेश की जनता का भला हो सके आज सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है युवा अभी से ही आगामी पंचायत राज नगर निकाय चुनाव की तैयारी में लग जावे कांग्रेस को जीत दिला सके। इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य लालाराम नायक,सेवादल जिला अध्यक्ष खुमचन्द जाजड़ा,पार्षद अमजद खान केके,पार्षफ प्रतिनिधि जीसान कुरैशी, मुकुल पंवार, महेन्द्र बापेडिया बाबूलाल नेहरा,उदयराज जनागल,अनिल सारस्वत,आशीष वाल्मिकी रामचन्द्र बुडानिया सुरेंद्र पडगड सुशील गोलियां दीनाराम मनोहर रलिया रवि चौधरी प्रकाश सियाग अनिल बाबल आदि उपस्थित रहे।

51 हजार दीपदान से बनाया रिकॉर्ड

अजमेर, (निसं)। श्री पुष्कर मेला 2024 में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सरोवर के समस्त 52 घाटों पर महाआरती और दीपदान कर रिकॉर्ड बनाया गया। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, जल संसाधन मंत्री श्री सुरेश सिंह रावत एवं मसूदा विधायक श्री वीरेंद्र सिंह कानावत ने जयपुर घाट पर पूजा अर्चना कर महाआरती की। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी की उपस्थिति में सरोवर के समस्त 52 घाटों पर 5100 महिलाओं ने 51 हजार दीपदान एक साथ एक समान परंपरागत चुनड़ी वेशभूषा में कर रिकॉर्ड बनाया। इसकी घोषणा इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के डॉ. विनोद शर्मा के द्वारा की गई। इस रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र मौके पर सुपुर्द किया गया। पीसांगन, पुष्कर एवं अजमेर के ग्रामीण क्षेत्र की राजीविका स्वयं सहायता समूह, आशा सहयोगिनी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं सहित 5100 महिलाएं घाटों पर उपस्थित रही। मुख्य आयोजन जयपुर घाट पर हुआ। यहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पवन कुमार राजऋषि, रविंद्र गौड़, पंडित कैलाश नाथ दाधीच, चंद्रशेखर गौड़, चितरंजन राजोरिया आदि ने पूजा संपन्न करवाई। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने राज्य की समृद्धि एवं खुशहाली के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम में नगाड़ा वादन एवं आतिशबाजी भी हुई। जिला कलक्टर लोक बंधु, पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा, एडीएम गजेंद्र सिंह राठौड़, ज्योति ककवानी एवं वंदना खोरवाल तथा प्रोटोकॉल ऑफिसर अपूर्वा परवाल उपस्थित रहे।

प्रकाश उत्सव मनाया

मसूदा, (निसं)। ब्शुक्रवार को गुरुद्वारा साहिब में सुबह दीवान में सुखमणि साहिब जी का पाठ का आयोजन हुआ व कीर्तन दरबार में भाई साहब भाई अमरजीत सिंह जी, बीबी हरप्रीत कौर ने संगत को कीर्तन से निहाल किया व कथा में अमरजीत सिंह जी ने बताया सिख धर्म के पहले संस्थापक और गुरु थे धन धन गुरु नानक देव जी हर साल कार्तिक मास की पूर्णिमा तिथि के दिन गुरु नानक जयंती मनाई जाती है। नानक साहिब का जन्म पंजाब के तलवंडी में हुआ था। गुरु नानक देव जी ने लोगों को प्रेम, एकता. समानता, भाईचारा और आध्यात्मिक ज्योति का संदेश दिया। अहंकार कभी नहीं करें। बल्कि विनम्र भाव से जीवन गुजारें। अहंकार करने से बड़े बड़े विद्वान भी बर्बाद हो गए. उपरांत संपूर्ण समाप्ति गुरु महाराज का अटूट लंगर संगत में वितरित किया गया। इस दौरान प्रधान हरगोविंद सिंह टुटेजा, संरक्षक व पूर्व पार्षद गुरुभेज सिंह टुटेजा, कोषाध्यक्ष जगजीत सिंह टुटेजा, सचिन दिलप्रीत सिंह टुटेजा, जोगिंदर सिंह जोधा, सुरेंद्र जुनेजा, नंदलाल तीर्थवानी, मनदीप सिंह, हेमंत पेशवानी, राजन सिंह,साहब शरण आचार्य, गगनदीप सिंह टुटेजा, पत्रकार तरनदीप सिंह टुटेजा, दुर्गा केलानी, हरचरण कौर, भावना कौर, गुरप्रीत कौर, रजनी कौर, मनजीत कौर, एडवोकेट गुरुप्रीत कौर, लेखा आचार्य, दीपमाला जुनेजा, कुलदीप शेखावत, रवि राजपुरोहित, संदेश मेवाड़ा, सुशील शार्दूल, राजेंद्र साहू, दिनेश वर्मा, अंकित दाधीच, आलोक पवार, राजवीर सिंह राठौड़, रामस्वरूप दाधीच आदि सदस्य मौजूद थे। यह जानकारी ट्रस्ट श्री गुरु सिंह सभा के सचिव दिलप्रीत सिंह टुटेजा ने दी।

श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान सम्पन्न

अजमेर, (कासं)। श्री 1008 मुनिसुव्रतनाथ दी.पल्लीवाल जैन मंदिर, गोलचक्कर, केसरगंज, अजमेर में कार्तिक माह के अष्टान्हिका महापर्व पर आयोजित श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का समापन हवन में आहुति देकर किया गया। यह विधान परम पूज्य आर्यिकारत्न श्री 105 पूर्णमति माताजी द्वारा रचित किया गया था। विधान के दौरान, 8 दिनों में कुल 2040 अर्घ चढ़ाए गए। इस अवसर पर समाज के सभी श्रावक श्रेष्ठी ने भाग लिया और हवन में आहुति देकर विधान का समापन किया। श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान एक महत्वपूर्ण जैन धार्मिक अनुष्ठान है, जिसमें भगवान महावीर स्वामी के सिद्धचक्र की पूजा की जाती है। यह विधान आध्यात्मिक शुद्धि और आत्मा की शुद्धि के लिए किया जाता है। इस अवसर पर, श्री पल्लीवाल जैन मंदिर के ट्रस्टी और समाज के प्रतिष्ठित सदस्यों ने परम पूज्य आर्यिकारत्न श्री 105 पूर्णमति माताजी को धन्यवाद दिया और उनकी आध्यात्मिक मार्गदर्शन की प्रशंसा की।

83 लाख के विकास कार्य स्वीकृत

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। विधायक डॉ विकास चौधरी के सार्थक प्रयास से निकटवर्ती तेजाजी धाम सुरसुरा को करीब 83 लाख रूपये के विकास कार्यों की बड़ी सौगात मिली है। विधायक चौधरी ने बताया की सुरसुरा में पेयजल समस्या को लेकर ग्रामीण काफी समय से परेशान थे, विकट समस्या से निजात दिलाने के लिए राज्य सरकार के समक्ष निरंतर मांग कर ध्यान दिलाया, जिसके चलते धार्मिक स्थल सुरसुरा में नई पाईपलाइन के साथ नलकूप सहित विभिन्न कार्यो के लिए 83 लाख रूपये की स्वीकृति जारी हो सकी। विधायक चौधरी ने बताया की विपरीत परिस्थितियों में भी विधानसभा क्षेत्र में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने हेतु कोई कसर नहीं छोड़ी जायेगी।

बाल दिवस पर बच्चों ने धरे विभिन्न रूप

अजमेर/ नसीराबाद, (कासं)। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नसीराबाद में देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू (चाचा नेहरू) का जन्म दिवस बाल दिवस के रूप में स्कूल परिसर में कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया। प्रार्थना सभा में प्राचार्य आरसी मीणा व शिक्षकों ने स्व.नेहरू की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान विद्यार्थियों ने समूह नृत्य, नाटक, वेशभूषा धर कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नसीराबाद के मुख्य अध्यापक अजय कुमार ने बताया कि बच्चों ने विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी, विचित्र वेशभूषा में भारतीय संस्कृति को प्रस्तुत किया। विभिन्न प्रकार की रूप धरे, जिसमें प्राकृतिक से संबंधित विद्यालय में बच्चों ने विचित्र वेशभूषा के अंतर्गत विभिन्न जानवरों, विभिन्न प्रकार के पुष्प, आधुनिक उपकरण जैसे मोबाइल, वाशिंग मशीन, एसी, फोन, वैक्यूम किलर, स्मार्ट वॉच, स्मार्ट टीवी आदि बनकर उनकी उपयोगिता व महत्व को दर्शाया गया।

गुरुनानक जयंती पर शहर में निकाली शोभायात्रा

अजमेर, (कासं)। सिख समुदाय के प्रथम गुरु नानक देव की जयंती शुक्रवार को श्रद्धा व उत्साहपूर्वक मनाई गई। वाहे गुरू के जयकारों के साथ नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। रेलवे ऑफिसर क्लब में विशेष दीवान सजाने के साथ ही गुरुद्वारों में शबद कीर्तन हुए। सिख धर्मावलंबियों ने गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेककर अरदास की। इस अवसर पर गुरु का अटूट लंगर छकाया गया।

गंज गुरुद्वारे से शोभायात्रा निकाली : गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सभा गुरुनानक गंज से शुक्रवार सुबह 9

- धन धन गुरुनानक तेरी वड्डी कमाई, सतगुरु नाम सदा रहता सुखदाई
- गुरुद्वारों में हुए कार्यक्रम

गुरूनानक देव के प्रकाश उत्सव पर शोभायात्रा निकाली।

शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान पंज प्यारे आगे-आगे व पीछे वाहन में गुरुग्रंथ साहिब और गुरुनानक देवी की प्रतिमा लेकर श्रद्धालु साथ चले। शोभायात्रा के दौरान सिख समाज की महिला-पुरुष और युवाओं ने पानी से सडक़ों को साफ किया। शोभायात्रा महावीर सर्कल, पावर हाउस, पटेल मैदान होते हुए रेलवे ऑफिसर्स क्लब कचहरी रोड पहुंची, यहां विशेष दीवान साहिब सजाया गया। शाम को धार्मिक आयोजन के बाद दोपहर 3:30 बजे पुन: पटेल मैदान, जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, महावीर सर्किल होते हुए गंज गुरुद्वारा पर संपन्न हुई। रेलवे ऑफिसर क्लब पर सजाए गए विशेष दीवान के अवसर पर दरबार साहिब अमृतसर के ज्ञानी मानसिंह संगत को निहाल किया, पटेल नगर वाले भाई सुरेंद्र सिंह और हजूरी सतपालसिंह शबद कीर्तन पेश करेंगे, दोनों दिन गुरु का अटूट लंगर वरताया जाएगा। इस अवसर पर प्रधान हरमन्दर सिंह गांधी, मीत प्रधान बलबीर सिंह, सचिव गुरजीत सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

शहर भर के गुरुद्वारों में हुए धार्मिक आयोजन: स्वामी दादूराम साहिब, नगीना बाग जतोई दरबार में गुरुनानक देव का प्रकाश उत्सव मनाया गया। सुबह सुखमनी साहिब का पाठ, आसा दी वार, अखंड पाठ साहिब का भोग, शबद कीर्तन कथा हुई। दोपहर में आम भंडारे का आयोजन हुआ। सेवाधारी फतनदास और अन्य मौजूद रहे। इसी प्रकार अलवर गेट, रामगंज, धोलाभाटा, हाथीभाटा सहित अन्य गुरुद्वारों में भी शबद कीर्तन व अन्य कार्यक्रम हुए।

दु:ख भंजनी हालाणी दरबार में प्रकाश उत्सव मनाया : श्रीनगर रोड स्थित दु:ख भंजन हालाणी दरबार में बाबा हरदयाल कुटिया राजावीर दरबार मार्ग के सन्त रागी जत्थे के सन्त प्रकाश उदासी के नेतृत्व में गुरु नानक देव साहिब के 555वें प्रकाश उत्सव पर्व को धूम धाम से मनाया गया। पूज्य सिन्धी पंचायत के महासचिव रमेश लालवानी ने बताया कि शुक्रवार को प्रात: 11 बजे श्री जुपजी साहब के पाठ हुआ। गुरू ग्रंथ साहिब में शब्द कीर्तन पाठ अरदास और श्री गुरु ग्रन्थ साहब के पाठ के भोग का आयोजन हुआ। सन्त स्वामी प्रकाश उदासी द्वारा आयोजित सुखमनी साहिब के पाठ, सत्यनारायण भगवान की कथा, गुरूनानक देव के प्रकाश उत्सव पर श्रद्धालुओं ने सतसंग का लाभ लिया।

खादी भंडार का मेड़ता विधायक कलरू ने उद्घाटन किया

फीता काट कर उद्घाटन करते मेड़ता विधायक कलरू।

मेड़ता सिटी, (निसं)। मेड़ता खादी भंडार का मेड़ता में शुक्रवार को मेड़ता विधायक लक्ष्मण राम कलरू ने फिरा काट कर उद्घाटन किया।

इस अवसर पर खादी भंडार के व्यवस्थापक धर्माराम देवाल ने आए हुए अतिथियों का माला व साफा के साथ किया गया भव्य स्वागत । मेड़ता विधायक गणेश जी की पूजा अर्चना कर खादी भंडार का किया उद्घाटन, सबसे पहले भव्य सुंदरकांड,का भी आयोजन किया गया. मेड़ता विधायक ने कहा कि खादी उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सरकार की तरफ से अनेक प्रकार की योजना भी चलाई जा रही है, वर्तमान में अभी खादी पर 50 प्रतिशत छूट दी जा रही है, हर आदमी को खादी को प्रोत्साहित करने के लिए खरीदारी करनी चाहिए।

इस मौके पर गणमान्य लोग रहे उपस्थित, नागौर खादी भंडार के मंत्री तिलोकराम गर्वा, भरत सिंह मैडास, शोभाराम जिला उपप्रमुख, नवरतन मल सिंधवी, मुक्ती लाल नागौरा, शकर लाल भादू, शिवदान मेघ धनपत सिंधवी, रेखाराम, पवन सिखवाल, तेजाराम जयपाल, सीताराम खिंची. मनोहर लाल गहलोत, बक्सु खां, रतनलाल थानवी, राजेन्द्र सिंहमोदी, तेजाराम जारवड़, हेतराम विश्नोई, पप्पूराम, जितेंद्र जयपाल, किशोर लाडवा, परशुराम शर्मा, भवरलाल कलरु,धर्माराम मौकाला, इंद्रराज मेघ, श्यामलाल, राकेश गुर्जर, दिलीप देवल, सहेदव राम देवल, पप्पू, किशोर देवाल परिवार ने स्वागत किया।

प्रशासन से की सडक़ें दुरुस्त की मांग

अजमेर, (कासं)। अजमेर की समस्त सडक़ों प्रमुखों मार्गो की दशा पर अत्यन्त रोष व्यक्त करते हुए श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के पदाधिकारियों ने किशन सिंह राव के नेतृत्व में शुक्रवार को बैठक आयोजित कर जिला प्रशासन के समक्ष अजमेर की सडक़ों दुर्दशा सुधारने की मांग की।किशन सिंह राव ने कहा कि सडक़ों की दुर्दशा देखकर स्मार्ट सिटी कहने वालों को भी शर्मिन्दगी महसूस हो रही है। अजमेर में साधारण शहर के समान भी व्यवस्थाएं ही नहीं है। किशन सिंह राव ने कहा कि बीसलपुर लबालब होने के बावजूद सर्दी के समय में भी पीने के पानी की शहर के अनेक क्षेत्रो में किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। महासंघ के महासचिव रमेश लालवानी ने बताया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा सिर्फ घोषणाएं ही की जा रही है। दीपावली से पूर्व समस्त सडक़ें उच्च गुणवक्तापूर्ण बना दी जाएगी जैसे आश्वासन दिए गए है, करोड़ों का बजट को पारित कर दिया। धरातल पर किसी भी सडक़ को पूर्णत:नहीं बनवाया गया है। शहर के मुख्य मार्टिन्डल ब्रिज,रेल्वे स्टेशन रोड, एलिवेटेड रोड के साथ की सडक़, जीपीओ पृथ्वीराज मार्ग,खाईलैंड बाजार,भैंसा काम्प्लेक्स मार्ग आदि सहित शहर की समसत प्रमुख सडक़ों की दशा बहुत ही खराब है पिछले अनेक माह से दीपावली पूर्व बनवाने की घोषणा की जाती रही है।

पुष्कर मेले में कैलाश खेर की भजन संध्या में हुआ हुड़दंग

अजमेर, (कासं)। विश्व प्रसिद्ध पुष्कर मेले में गुरुवार देर शाम कैलाश खेर की भजन संध्या में अव्यवस्थाओं का आलम रहा, वीआईपी पास होने के बावजूद पुलिस ने आयोजन में लोगों को जाने से रोक दिया वहीं अपने चहेतों को पहले ही प्रवेश करवा दिया, जिसको लेकर स्थानीय लोगों ने खास हंगामा खड़ा कर दिया। वहीं दूसरी पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने एक ट्वीट कर आयोजन अव्यवस्थाओं और आस्था के

- अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ा धार्मिक आयोजन
- पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष राठौड़ ने व्यवस्थाओं पर उठाए सवाल

पुष्कर में कैलाश खेर नाइट में महिला पुलिस कर्मी दर्शक के थप्पड मारते हुए तथा कार्यक्रम में घुसने की कोशिश करते हुए।

उपहास का आरोप लगाते प्रशासन की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए हैं।

पुष्कर मेले में कैलाश खेर की भजन संध्या को लेकर उपजे विवाद ने एक बार फिर से मेले के प्रबंधन और प्रशासन की कार्यशैली को कटघरे में खड़ा कर दिया है। धार्मिक आस्था के इस महत्वपूर्ण आयोजन में इस प्रकार की अव्यवस्था और धक्का-मुक्की से न केवल स्थानीय जनता बल्कि देश-विदेश से आए पर्यटकों में भी नाराजगी देखी गई है। धर्मेंद्र राठौड़ ने अपने ट्वीट में लिखा, सबका साथ, अपनों का विकास का यह कैसा मॉडल उन्होंने सवाल उठाया कि पुष्कर मेले में कैलाश खेर की भजन संध्या में आम जनता को वीआईपी पास होने के बावजूद बाहर खड़ा रहना पड़ा।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रशासन के चहेते दीवार फांदकर अंदर पहुंच गए, जबकि महिलाओं को धक्का-मुक्की का सामना करना पड़ा। राठौड़ ने पुलिस प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिसकर्मी अपने परिजनों को विशेष प्रवेश दिलवाने में व्यस्त रहे और इस दौरान आम जनता की सुरक्षा और सुविधा की अनदेखी की गई। उन्होंने कहा हिंदू आस्था और विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पर ऐसी उपेक्षा निंदनीय है। उन्होंने यहां तक कह दिया कि अगर व्यवस्थाएं संभलती नहीं, तो इतने पास ही क्यों बांटे गए।

अव्यवस्थाओं का आलम:

पुष्कर मेले में कैलाश खेर की भजन संध्या के दौरान अव्यवस्था का आलम रहा। बड़ी संख्या में भक्तगण वीआईपी पास लेकर आए थे, उन्हें बाहर ही खड़ा रहना पड़ा। वहीं कुछ प्रशासनिक अधिकारियों के रिश्तेदार और परिचित बिना किसी रोक-टोक के अंदर प्रवेश कर गए। इस घटनाक्रम ने पुष्कर मेले के प्रबंधन और प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इसी प्रकार मेला मैदान में आयोजित पशु प्रतियोगिताओं में भी अव्यवस्थाओं का आलम बना रहा, जिसके चलते पुरस्कार को लेकर लोग आपस में भिड़ गए। इस घटना के बाद प्रशासन ने सभी को विजेता घोषित कर दिया। कैलाश खेर नाईट के मामले में प्रशासन ने पूरी तरह से चुप्पी साध ली है।

सार-समाचार

खेल की भावना विकसित करती हैं प्रतिस्पर्धा : जैन

भीलवाड़ा। मप्स स्पोर्ट्स और जवाहर फाउंडेशन ,एलएनजे भीलवाड़ा ग्रुप के संयुक्त तत्वाधान में स्थानीय शास्त्री नगर स्थित महावीर स्कूल के ग्राउंड पर बाल दिवस के मौके पर नन्हे बच्चों की शानदार डे नाइट दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अवसर था बाल दिवस पर बच्चों के बीच प्रतिस्पर्धा की भावना को विकसित करने का। आयोजक सचिव अजीत जैन और अवनी अजमेरा के अनुसार प्रतियोगिता में करीब 100 बच्चों ने भाग लिया। दौड़ प्रतियोगिता में पुलकित चौरडिया, पर्व जैन ,मनय नागोरी, कनिष्क चौरडिया , मोहम्मद अल्तमस, शौर्य , आरोही बिश्नोई, दिव्यानी सुवालका, प्रज्वल सिंह, अक्षत कुमावत, पीयूष आचार्य ,सौम्य जैन ,अनंत जैन, प्रिंस जाट, हरिशंकर जाट ,अंशुल नायक, अंशुल शर्मा ,आशु अग्रवाल, अनिरुद्ध गर्ग और शिवम सेन ने अपने-अपने ग्रुप में शानदार प्रदर्शन किया प्रतियोगिता को आयोजित करवाने का मकसद नन्हे बच्चों को खेलों से जोड़ने का था। गौरतलाब बात है कि एलएनजे भीलवाड़ा ग्रुप के द्वारा खेल के क्षेत्र में कई खेल प्रतियोगिताएं हॉकी फुटबॉल वॉलीबॉल तथा उन आयोजन जवाहर फाउंडेशन के सामाजिक सरोकार के तहत किया जाता रहा है। प्रतियोगिता में नन्हे बच्चों का जबरदस्त उत्साह देख कर जवाहर फाउंडेशन के प्रभारी रजनीश वर्मा ने कहा कि हर साल यह प्रतियोगिता बाल दिवस पर आयोजित करवाई जाएगी। इस अवसर पर स्पोर्ट्स अकादमी के प्रशिक्षक लाजपत आचार्य , दिनेश सोलंकी, श्याम बिश्नोई, सुजल जीनगर, मनीषा सोलंकी, पलक राजपूत और शुभम गोरन सहित हजारों अभिभावक मौजूद थे।

राजस्थान शिक्षक राष्ट्रीय की महिला विचार गोष्ठी संपन्न

अजमेर,(कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय का महिला विचार गोष्ठी संपन्न आज राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तोपदड़ा अजमेर में राजस्थान शिक्षक राष्ट्रीय की महिला विचार गोष्ठी संपन्न हुई जिसमें आज प्रथम सत्र में राजबाला और प्रीति पारीक ने सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। राजस्थान कर्मचारी महासंघ की राष्ट्रीय सदस्य सरोज यादव जयपुर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थिति रही, यादव ने अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर प्रकाश डाला तथा संगठन के नीति के बारे में भी समझाया उन्होंने अहिल्याबाई होल्कर की 300 वी जयंती के उपलक्ष में महिला होने के नाते क्या-क्या उन्होंने कार्य किया और महिला उत्थान के कार्यों को विस्तार से बताया। प्रदेश संगठन के द्वारा किए गए कार्यों को भी सांझा किया गया, जिला संगठन मंत्री रेखा बघेल ने संगठन का प्रतिवेदन पढ़ा और कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला मंत्री राजश्री शर्मा ने की तथा उन्होंने भी अपने उद्बोधन में महिला शक्ति को आगे आने का आ ान किया तथा जिले के कार्यों के बारे में महिलाओं की भागीदारी के बारे में बताया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में मुख्य वक्ता प्रधानाचार्य देवमाली दर्शना शर्मा रही जिन्होंने सामाजिक एवं सांस्कृतिक रूप से उनके मूल्यों को आदर्श को समझाया उन्होंने उदाहरण देते हुए सामाजिक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी के बारे में उनके कार्यों के बारे में जानकारी दी। सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में मूल्य का संवर्धन के बारे में जानकारी देते हुए प्रश्नोत्तरी के माध्यम से भी उन्होंने बतलाया। आने वाले समय में भी महिलाओं को अपनी भागीदारी की आवश्यकता के बारे में जानकारी देते उनको संगठन के कार्यों में भी भाग लेने का आव्हान किया।

जिला कलेक्टर अवैध खनन व परिवहन की रोकथाम को लेकर सख्त

ब्यावर (निसं) जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खडगावत ने जिला कलेक्टर का पदभार ग्रहण करने के बाद से ही अवैध खनन, परिवहन व अतिक्रमण को लेकर सख्ती बरतने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया ।गत 6 नवंबर को जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले के रायपुर क्षेत्र में अवैध खनन की शिकायत प्राप्त करने पर कार्रवाई करते हुए खनिज विभाग द्वारा 38 करोड़ की बड़ी राशि का जुर्माना लगाया गया ।अवैध खनन को शत प्रतिशत रूप से रोकने के लिए जिला कलेक्टर ने गुरुवार को आदेश जारी कर जिला क्षेत्र ब्यावर में अवैध खनन की रोकथाम हेतु ब्यावर जिले के संबधित उपखण्ड क्षेत्र के उपखण्ड अधिकारी की अध्यक्षता में विशेष जांच दल का गठन किया । विशेष जांच दल में (एसआईटी) उपखण्ड अधिकारी की अध्यक्षता में संबंधित वृताधिकारी पुलिस विभाग, संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार व खनिज अभियंता सदस्य होंगे ।उन्होंने निर्देशित किया कि जिले के समस्त खनन क्षेत्रों का विशेष जांच दल संबधित उपखण्ड अधिकारियों के निर्देशानुसार जांच करें एवं अवैध खनन पाए जाने पर राज्य सरकार / माननीय राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण ( ) भोपाल के द्वारा जारी निर्देशों के परिपेक्ष्य में प्रभावी कार्यवाही करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करें ।

बौद्धमठ में गुरु गोबिंद सिंह के बालकों को बाल दिवस पर नमन किया

अजमेर, (कासं)। गौतम नगर महाबोधि विहार बौद्धमठ में अध्यक्ष गुणवन्त राहुल के नेतृत्व में शुक्रवार को महात्मा बुद्ध की प्रतिमा के आगे प्रार्थना कर जल, थल और नभ के जीवों सहित सिख धर्म के प्रथम गुरु नानक देवजी और गुरु गोविन्द सिंह के शहीद शहजादो कर शहादत को याद कर नमन किया। सर्वधर्म प्रार्थना सभा के माध्यम से विश्व के समस्त जीवों और धर्मो को मानने वालो सहित समस्त जीवों के कल्याण की प्रार्थना की गई। बौद्धमठ के रवि कुमार,रमेश लालवानी, मोनिका सिंह, पुष्पेन्द्र कुमार, लक्ष्मी, दीपान्कर राहुल, करण सिंह, याशिका, सुश्री प्रेरणा सहित अन्य मंगल कामना करते हुए विश्व शान्ति भाईचारा और कौमी एकता कायम रहने के लिए प्रार्थना की है।

बॉलीवुड गायक सोनू निगम ने किए ब्रह्मा मंदिर के दर्शन

अजमेर, (कासं)। अंतरराष्ट्रीय पुष्कर मेले में शुक्रवार को बॉलीवुड के मशहूर सिंगर सोनू निगम ने उपस्थिति दर्ज कराई। गायक सोनू निगम ने यहां पुष्कर सरोवर का पूजन किया और फिर जगत पिता ब्रह्मा के दर्शन किए। गायक सोनू निगम को पुरोहित अजय पाराशर ने पूजा अर्चना कराई और पुष्कर सरोवर की उत्पत्ति उसकी मान्यता व यहां की पौराणिक कहानी से अवगत कराया। सोनू निगम की तीर्थ राज पुष्कर में गहरी आस्था है । सोनू निगम का पुजारी परिवार ने स्वागत किया।सोनू निगम काफी देर तक पुष्कर सरोवर के घाट पर हाथ जोड़कर खड़े रहे। बाद में उन्होंने घाट पर खड़े होकर सेल्फी भी बनाई।

कबड्डी टीम आज रवाना होगी

मसूदा,(निसं)। एकल अभियान अभ्युदय युद्ध क्लब के माध्यम से राज्य स्तर खेलकूद प्रतियोगिता बारां में आयोजित होने जा रही है जिसमें अजमेर जिले से भी बच्चे भाग लेंगे जिसमें मसूदा विधानसभा से ग्राम लोरड़ी से बालक वर्ग कबड्डी टीम कल्याणपुर से बालिका वर्ग कबड्डी टीम आज बारां रवाना होगी।

NAME CHANGE

I, DULAL CH GHOSH Father of JC-303020X Rank SUB(TIR), Name: GOUTAM GHOSH Residing at Vill:- 53/15/17, KANTANAGAR ROAD, Post:- COSSIM-BAZAR RAJ,Tehsil:- BERHAMPORE, Distt- MURSHIDABAD, State:-WEST BENGAL ,Pin 742102 have changed my name from DULAL CH GHOSH to DULAL CHANDRA GHOSH vide affidavit BW 942350 Dated 15/11/2024 before Court campas Nasirabad

कार्यालय ग्राम पंचायत नयागांव, पंचायत समिति मसूदा ब्यावर

कमांक -गपनयागांव / लेखा/निर्माण/2024/06 दिनांक 14.11.2024

ई-निविदा सूचना

ग्राम पंचायत नयागांव के विभिन्न ग्राम में निर्माण कार्यो हेतु ई-निविदा आमंत्रित कि जाती है। अनुमानित लागत 10.00 लाख रू धरोहर राशि 20000/-, फार्म शुल्क 500/-, (प्रति कापी) टेण्डर प्रोसेसिंग शुल्क 500/- (प्रति कापी) के आनलाईन ग्राम पंचायत खाते में दिनांक 25.11.2024 को जमा कराना होगा। निविदा दिनांक 26.11.2024 को ग्राम पंचायत नयागांव के ई-प्रकोष्ठ मे खोली जोवगी। विस्तृत शर्ते निविदा फार्म उल्लेखित है। http://sppp.rajasthan.gov.in व eproc. rajasthan. gov. in ID ..... से प्राप्त कि जा सकती है।

UBN PAE2425WSOB00007

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत नयागांव, पंचायत समिति, मसूदा

सरपंच, ग्राम पंचायत नयागांव पंचायत समिति, मसूदा